Regarding prevention and control of Chandipura Virus spreading among childrens of Banaskantha Parlliamentary Constituencies

श्रीमती गनीबेन नागाजी ठाकोर **(**बनासकांठा**) :** सभापति महोदया, आपने मुझे इस अत्यंत महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का मौका दिया, मैं इसके लिए आपका धन्यवाद करती हूं । आज मैं लोक सभा में पहली बार बोल रही हूं, जिसके लिए मैं सर्वप्रथम अपने संसदीय क्षेत्र बनासकांठा की देवतुल्य जनता का आभार प्रकट करती हूं, जिन्होंने मुझे पंचायत से पार्लियामेंट तक आने का सफर तय करने दिया ।

सभापति महोदया, मेरे संसदीय क्षेत्र बनासकांठा समेत पूरे गुजरात में इन दिनों में चांदीपुरा नामक वायरस भयानक रूप लेता जा रहा है । गुजरात के अलग-अलग जिलों में अब तक 84 मामले सामने आ चुके हैं । चांदीपुरा वायरस से अब तक 37 बच्चों की जान जा चुकी है । इन आंकड़ों के अनुसार इस वायरस की चपेट में आने वाले 100 में से सिर्फ 15 फ़ीसदी मरीजों को ही बचाया जा सकता है । गुजरात में अहमदाबाद, बनासकांठा, साबरकांठा, अरावली, मेहसाणा, खेड़ा, वडोदरा, सूरत समेत ज्यादातर जिलों में यह जानलेवा वायरस बढ़ता जा रहा है । यह वायरस दिन-प्रतिदिन घातक होता जा रहा है, क्योंकि यह वायरस ज्यादातर बच्चों को अपना शिकार बना रहा है, इसलिए इस वायरस को बहुत ही खतरनाक माना जा सकता है । अगर इस बीमारी को गंभीरता से नहीं लिया गया तो दोबारा कोरोना जैसी भयानक स्थिति पैदा हो सकती है ।

मेरा आपके माध्यम से माननीय प्रधान मंत्री जी एवं स्वास्थ्य मंत्री जी से आग्रह है कि गुजरात में तेजी से बढ़ते इस वायरस को गंभीरता से लिया जाए और उसकी रोकथाम के लिए जल्द से जल्द कठोर कदम उठाए जाएं । आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।